Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct an elevated pillared bridge on N.H-8 at Kherwara Tehsil headquarters in Udaipur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): मेरे लोक सभा क्षेत्र उदयपुर के खैरवाड़ा तहसील मुख्यालय पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 पर प्रस्तावित छः लेन पर ओवरब्रिज बनाये जाने से पैदा होने वाली समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान बिंदुवार दिलाना चाहता हूँ, जो इस प्रकार हैः-

खैरवाड़ा कस्बे की मुख्य समस्या पानी की निकासी सही नहीं होने की वजह से बारिश के समय राजमार्ग के दोनों ओर स्थित रिहायशी इलाके डूब जाते हैं, ओवरब्रिज से यह समस्या और अधिक हो जायेगी।

ओवरब्रिज के पश्चात् स्थानीय आवागमन हेतु मात्र 7 मीटर की सर्विस लेन प्रस्तावित है, जो कि मापदण्डों एवं यातायात भार के अनुरूप बहुत कम है तथा ओवरब्रिज हेतु आवश्यक भूमि की उपलब्धता भी नहीं है।

हाईवे पर 1.5 से 2.0 किलोमीटर ओवरब्रिज बनना प्रस्तावित है जिसमें से डाक बंगले से रानी रोड का क्षेत्र अत्यधिक यातायात दबाव व जल भराव की समस्या से प्रभावित रहता है। अतः इस स्थान पर सिर्फ ऐलीवेटेड फ्लाई ओवरब्रिज (पिलर वाला) बनाना उचित रह सकता है।

अतः उपरोक्त बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए मैं भारत सरकार से मांग करता हूँ कि उदयपुर लोक सभा क्षेत्र के खैरवाड़ा तहसील मुख्यालय पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 पर प्रस्तावित ओवरब्रिज को एलीवेटेड फ्लाई ओवरब्रिज (पिलर वाला) बनाया जाये, जिससे खैरवाड़ा की जनता को इस ब्रिज का सही और उपयुक्त लाभ मिल सके एवं बारिश के पानी की समस्या से भी निजात मिल सके।